सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 03 चैत्र, 1937 (श0) / 24 मार्च, 2015 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 78**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 24 |
| (2) माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 30 |
| (3) अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 05 |
| (4) उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग | .. | .. | 01 |
| (5) उच्च शिक्षा विभाग | .. | .. | 02 |
| (6) कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 04 |
| (8) निबंधन विभाग | .. | .. | 04 |
| (9) परिवहन विभाग | .. | .. | 02 |
| (10) पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | .. | 04 |
| | | कुल योग — | 78 |

जीर्णोद्धार करना

''क''-*80. श्री जनार्दन माँझी--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर प्रखण्ड के अंतर्गत डुमरावा नगर वार्ड पंचायत के पापहरणी तालाब में शराब फैक्ट्री का दूषित पानी गिरता है जिससे गाँव के नागरिकों को नहाने एवं मवेशियों को पानी पीने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तालाब के जीर्णोद्धार हेतु 87 लाख रुपया, छठ व्रतियों को पूजा-अर्चना एवं तालाब में जीर्ण-शीर्ण सिढ़ियों का पुनर्निर्माण हेतु नगर विकास द्वारा वर्ष 2014-15 में आवंटित किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शराब फैक्ट्री को बंद करने, दूषित जल को शुद्ध कराने तथा तालाब का जीर्णोद्धार का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

*317. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड मुख्यालय अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, तेनुआ, संझौली, सोबेयाँ, करमा, तीथो, तिरासी बिगहा एवं गोपालपुर तथा मध्य विद्यालय, धर्मांगतपुर, परासी, संसारडीहरी, अमरथा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रघुनाथपुर तथा बिक्रमगंज प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, मेघरा, करमैनी, घोगेयाँ, परसा, इसरपुरा एवं मध्य विद्यालय, दुर्गाडीह, बहुआरा, खिरोधपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मोरौना मठियाँ, रमनडीहरा तथा संझौली प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, लक्ष्मीपुर, करमा, बगेयाँ, चैताइंग्लिश, चैता नर्वद तथा उर्दू प्राथमिक विद्यालय, औराई, चवरियाँ, मिश्रवलिया, जमुहारी एवं आमाडाढ़ में चाहरदीवारी नहीं होने के कारण पठन-पाठन बाधित होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में चहारदीवारी निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रारम्भ कराना

*318. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत तुरकौलिया प्रखंड के महनवा बाजार से पटना आवागमन हेतु यात्री के लिये बस सेवा उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महनवा एवं हरसिद्धि प्रखंड के गायघाट बाजार से राज्य पथ परिवहन निगम की बस सेवा चालू नहीं होने से पटना आवागमन में यात्रियों को कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्थानों से बस सेवा प्रारम्भ कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*319. डॉ० (मो०) जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज विधान-सभा अन्तर्गत नेशनल उच्च विद्यालय, किशनगंज शहर मुख्यालय में अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में छात्राओं की संख्या अत्यधिक है, परन्तु विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण परेशानी का सामना विद्यालय प्रशासन को करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहादीवारी निर्माण करवाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क''-सदन द्वारा पर्यावरण एवं वन विभाग को स्थानान्तरित ।

पदस्थापन करना

*320. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मुंशीलाल मंडल उच्च विद्यालय, बस्तौल, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, बस्तौल, राज्य संपोषित उच्च विद्यालय, प्राणपुर, ज्ञानदा उच्च विद्यालय, रौशना, राजकीयकृत उच्च विद्यालय, शालमारी, आर0 के उच्च विद्यालय, आजमनगर, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, आजमनगर को विगत 3 वर्षों पूर्व 10+2 की पढ़ाई की स्वीकृति दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 10+2 विद्यालयों में प्रधानाध्यापक एवं सहायक शिक्षक का पदस्थापन अभीतक नहीं होने के कारण पठन-पाठन ठप है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त 10+2 विद्यालयों में प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों का पदस्थापन कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

खर्च करना

*321. डॉ0 अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 29 जनवरी, 2015 के अंक में छपी खबर ''परवरिश से वंचित है अनाथ'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में अनाथ और निराश्रित बच्चों के परवरिश के लिये सरकार के द्वारा प्रदत्त योजना राशि वर्ष 2010 से पूरी तरह खर्च नहीं होने से योजना का कार्यान्वयन ठीक से नहीं हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त योजना के अधीन वर्ष 2008-09 से अबतक लगभग 4 करोड़ से ज्यादा की राशि बिना खर्च किये लौटा दी गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो योजना मद की राशि खर्च नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---

कार्रवाई करना

*322. श्री सदानंद सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत एन0 एच0 80 पर मिरजाचौकी से कहलगाँव होते हुये विक्रमशीला पुल पार कर प्रतिदिन पाँच हजार से अधिक ट्रकों एवं हाइवा द्वारा पत्थर के गिट्टी एवं बालू की ढुलाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वाहन क्षमता से अधिक भार के पत्थर की गिट्टी एवं बालू की ढुलाई होती है जिसके फलस्वरूप काफी राजस्व की चोरी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजस्व की क्षति को रोकने की दिशा में कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्ति करना

*323. डॉ0 (मो0) जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज विधान-सभा अन्तर्गत +2, उच्च विद्यालय, सिंघिया के उच्च माध्यमिक में स्वीकृत पदों की संख्या 18 (अठारह) है, जिसमें मात्र 4 (चार) शिक्षक कार्यरत हैं तथा आदेशपाल के दो (2) पद स्वीकृति के विरुद्ध एक भी आदेशपाल कार्यरत नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षकों एवं आदेशपालों की रिक्ति के कारण पठन-पाठन तथा विद्यालय कार्य में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रिक्त पदों के विरुद्ध शिक्षकों तथा आदेशपाल की नियुक्ति करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*324. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत गुरूआ प्रखंड के पलुहारा पंचायत के अन्तर्गत ग्राम-लकड़ाही में प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण उस गाँव के बच्चे-बच्चियों को प्राथमिक शिक्षा पाने में दूर के स्कूल में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

प्रारंभ करना

*325. श्री संजय सिंह ''टाईगर''--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश प्रखंड के नसरतपुर में उच्च विद्यालय के भवन निर्माण हेतु निविदा वर्ष 2014 में हुई, परन्तु निर्माण कार्य अभीतक प्रारंभ नहीं हुआ है, जिससे छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्य पूर्ण करना

*326. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखंड अंतर्गत पवार पंचायत के मिश्रवलिया महादलित टोला में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन अर्द्धनिर्मित है जिससे वहाँ के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक विद्यालय के भवन निर्माण कार्य को पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

प्रोन्नत करना

*327. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड में दरमाहा पंचायत के मध्य विद्यालय, कटहरिया उच्च विद्यालय में प्रोन्नत होने का सभी अर्हता पूरा करता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मा०वि०, कटहरिया को उच्च विद्यालय में प्रोन्नत करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

स्थापना करना

*328. श्री अमरेन्द्र कुमार पांडेय--क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंड के 12 पंचायतों में एक भी कन्या उच्च विद्यालय नहीं है, जिसके कारण छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पंचदेवरी प्रखंड में कन्या उच्च विद्यालय की स्थापना कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

चहारदीवारी का निर्माण

*329. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दौदारगंज के ग्राम-कुमरसार में एक सार्वजनिक खेल मैदान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खेल मैदान के चारों तरफ चहारदीवारी नहीं होने से स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त खेल मैदान के चारों तरफ चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

उत्क्रमित करना

*330. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधेपुर प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय, द्वालख को उत्क्रमित करने का प्रस्ताव तीन साल पूर्व प्रखंड पं० समिति, मधेपुर एवं जिला परिषद्, मधुबनी द्वारा किया गया है परन्तु आजतक उक्त विद्यालय को उत्क्रमित मध्य विद्यालय का दर्जा नहीं प्राप्त हो सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

छात्रवृत्ति देना

*331. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बी०डी० कॉलेज, पटना में वित्तीय वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 के अनुसूचित जाति के इन्टरमीडिएट एवं स्नातक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति नहीं मिली है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कॉलेज के छात्र-छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 को छात्रवृत्ति नहीं मिली जिसके कारण पठन-पाठन में छात्र-छात्राओं को कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बी०डी० कॉलेज के छात्र-छात्राओं का उक्त वित्तीय वर्षों का छात्रवृत्ति नहीं मिलने का क्या औचित्य है ?

प्रतिनियुक्ति करना

*332. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के अकिदतपुर पंचायत के अन्तर्गत उच्च विद्यालय, अठगामा में नवम एवं दशम वर्ग के लगभग 450 छात्र हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उच्च विद्यालय, अठगामा में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, उर्दू एवं लाइब्रेरियन सहित कुल सात शिक्षक हैं, जबकि विद्यालय में हिन्दी के 2, संस्कृत के 2 एवं अर्थशास्त्र के 1 शिक्षक का पद रिक्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षकों की कमी को देखते हुये रिक्त पदों पर शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

गठन करना

*333. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे राज्य में मध्य विद्यालय से उत्क्रमित उच्च विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में प्रबंध समिति गठन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*334. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा उच्च विद्यालय में कम्प्यूटर लगे 5 वर्ष हो गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में कम्प्यूटर के शिक्षक की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण कम्प्यूटर की पढ़ाई नहीं होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षक की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*335. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के अकिदतपुर पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय, अठगामा में +2 का स्कूल भवन 2006 में ही बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में एक भी शिक्षक नहीं हैं, जिससे कि विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य शुरू नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षक की प्रतिनियुक्ति कर पठन-पाठन का कार्य शुरू करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*336. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कटिहार नगर स्थित आदर्श उच्च विद्यालय जर्जर बैरकनूमा अस्थायी भवन में चल रहा है, जिससे छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को पठन-पाठन में भारी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बैरकनूमा जर्जर भवन को तोड़कर उस स्थान पर नये भवन का निर्माण एवं +2 में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*337. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड के सोहसा उच्च विद्यालय के क्रीड़ा मैदान में चहारदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशुओं का प्रवेश विद्यालय परिसर में हो जाता है जिससे पठन-पाठन एवं खेलने में बच्चों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय परिसर की चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

संचालन करना

*338. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, अनु०जाति एवं अनु० जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार महादलित विकास मिशन द्वारा विशेष विद्यालय-सह-छात्रावास योजना का संचालन वर्ष 2010 से किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के अन्तर्गत मुसहर जाति के छात्राओं को संगीत, चित्रकला, मूर्तिकला इत्यादि के साथ ही कम्प्यूटर की आधुनिक शिक्षा भी देने का प्रावधान है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के अन्तर्गत पटना जिलान्तर्गत दानापुर तथा गया जिला के चाँदचौरा में विशेष विद्यालय-सह-छात्रावास का संचालन किया जा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्वी चम्पारण, शिवहर सहित अन्य जिलों में विशेष विद्यालय-सह-छात्रावास का संचालन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू करना

*339. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय, बेल्दरिया (पैंगरी) शिवगंज, अब्दालपुर मुशहरी एवं खैरा मुशहरी तथा मध्य विद्यालय, मंजौर एवं गोड़ापर में मध्याह्न भोजन छः महीनों से बंद है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में मध्याह्न भोजन चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*340. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के किरतपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ढ़ागा में प्रथम से वर्ग सात तक लगभग छः सौ छात्र एवं छात्राएँ शिक्षा ग्रहण कर रही हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक विद्यालय को न उच्च माध्यमिक विद्यालय की स्वीकृति मिली है, न शिक्षकों का पदस्थापन किया गया है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को लगभग चार किलो मीटर की दूरी तय कर दूसरे उच्च माध्यमिक विद्यालय में जाना पड़ता है, जबकि ग्राम पंचायत में एक भी उच्च माध्यमिक विद्यालय नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उत्क्रमित मध्य विद्यालय, ढ़ागा को उच्च माध्यमिक विद्यालय की स्वीकृति तथा शिक्षकों का पदस्थापन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

छात्रावास का निर्माण

*341. श्री (डॉ०) कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखंड अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि माध्यमिक एवं उच्च विद्यालय शिक्षा प्राप्त करने के लिये छात्र एवं छात्राओं के लिये छात्रावास नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि छात्रावास नहीं होने से दूर दराज के विद्यार्थियों को पढ़ने के लिये स्कूल आने-जाने में परेशानी होती है तथा उनकी पढ़ाई बाधित हो जाती है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खिजरसराय प्रखंड में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिये एक छात्रावास निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्यालय खोलना

*342. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के सलेमपुर गाँव में कोई भी सरकारी विद्यालय नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों को पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*343. श्री अरुण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय कोरहिया में भवन निर्माण हेतु वर्ष 2011-12 में करीब 13 लाख रुपये उपलब्ध कराये गये थे;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय में 400 छात्र नामांकित हैं, जबकि विद्यालय में एक ही कमरा है जिस कारण छात्रों को पठन-पाठन बाधित हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अभीतक भवन निर्माण नहीं कराने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*344. श्री ज्ञानचंद माँझी--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गड़खा प्रखंड के मध्य विद्यालय कुचाह, मध्य वि० महमदा, मध्य विद्यालय पचपटियाँ, मध्य विद्यालय पेरूसा के पाँच कि०मी० की दूरी में कोई अन्य उच्च विद्यालय नहीं है, जिसके चलते छात्र एवं छात्राओं को मा० शिक्षा प्राप्त करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सभी मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*345. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कलानंद उच्च विद्यालय, गरबनैली का प्रयोगशाला भवन पाँच वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन जर्जर होने के कारण छात्रों को प्रयोगशाला की शिक्षा नहीं दिया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालय में प्रयोगशाला भवन का निर्माण कराने का विचार रखती हैं, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*346. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के फैजुल्लाहपुर प्रखंड के के०एन० शर्मा उच्च विद्यालय को वित्तीय वर्ष 2008-09 में 10+2 के रूप में उत्क्रमित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008-09 से वर्ष 2014-15 तक एक भी छात्र-छात्राओं का उक्त विद्यालय में 10+2 में नामांकन नहीं लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक 10+2 में नामांकन नहीं करने एवं पढ़ाई प्रारम्भ नहीं कराने वाले दोषी पदाधिकारियों पर सरकार कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

---------

नियुक्ति करना

*347. श्री मंजीत कुमार सिंह--दिनांक 4 दिसम्बर, 2014 के दैनिक समाचार-पत्र में छपे "बुनियादी स्कूलों में बहाल होंगे नियोजित शिक्षक" शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में लगभग 391 बुनियादी स्कूलों में आधे से अधिक शिक्षकों का पद खाली है;

(2) क्या यह बात सही है कि बुनियादी विद्यालयों में भी शिक्षकों के रिक्त पदों को नियोजित शिक्षकों से भरने का निर्णय लिया गया है तथा इन विद्यालयों में संसाधन पूर्ण हो जाने पर 12वीं कक्षा तक अपग्रेड करने का भी निर्णय लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 391 बुनियादी विद्यालयों में नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति एवं विद्यालयों को अपग्रेड करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

छात्रवृत्ति देना

*348. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के अनुसूचित जाति, जनजाति कोटि के राज्य से बाहर इंजीनियर एवं मेडिकल पढ़ने वाले 10 छात्रों ने वर्ष 2013-14 में छात्रवृत्ति के लिये आवेदन दिया था और मात्र दो छात्रों को 1,96,600 रु० छात्रवृत्ति दी गयी क्योंकि जिले में मात्र दो लाख रु० ही आवंटित था;

(2) क्या यह बात सही है कि बाँका जिले से अनु० जाति के छात्रों हेतु 10 लाख रु० अतिरिक्त आवंटन देने के लिये पत्रांक 456, दिनांक 14 अक्तूबर, 2014, पत्रांक 681, दिनांक 20 दिसम्बर, 2014 एवं 104, दिनांक 3 मार्च, 2015 द्वारा अनुरोध किया गया है, अबतक आवंटन नहीं भेजा गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य से बाहर पोस्ट मैट्रिक शिक्षा प्राप्त करने वाले वर्ष 2013-14 के शेष 7 छात्रों को छात्रवृत्ति देना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

नियंत्रित करना

*349. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखण्ड में नीलगायों की संख्या काफी अधिक हो गयी है जो ग्राम-पचलख तरमा, तेल बिगहा, अईमा कुतलपुर, लठ बिगहा, मई होरमा, रमन बिगहा, इसमाईलपुर, सहबाजर, वाना, लालू बिगहा, कोल्ह, मकसूदपुर, महराज बिगहा, पंडित बिगहा, परीखाँ सराय आदि गाँव का फसल नष्ट कर रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव के किसानों को नीलगायों द्वारा फसल नष्ट किये जाने का मुआवजा देने तथा नीलगायों को नियंत्रित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*350. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखण्ड के मौजा मुस्तफापुर, थाना नं० 36, खाता 182, प्लॉट 8,11,12, हल्का 7 के जमाबंदी नं० 362/458 में चार कट्ठा पन्द्रह धूर, प्लॉट 11 एवं 12 में कलकत्ता में फर्जी निबंधन का कागजात दिखाकर अन्तर राशि पटना निबंधन कार्यालय में दिनांक 22 सितम्बर, 2009 को जमा कर दाखिल-खारिज करा रसीद कटवा लिया गया है जिसका नं० 737/7 वर्ष 2009-10 है, यदि हाँ, तो क्या सरकार फर्जी निबंधन के कागजात को बिना जाँचे अन्तर राशि जमा करने, रसीद काटने, दाखिल-खारिज करनेवाले दोषी पदाधिकारी या कर्मचारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का निर्माण

*351. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बेलसंड अनुमंडल मुख्यालय में अवस्थित अवर निबंधन कार्यालय का भवन 25 वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन जर्जर होने के कारण निबंधन से संबंधित कागजात को रखने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवर निबंधन कार्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

विद्यालय खोलना

*352. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड के बाबुपुर पंचायत में एक भी विद्यालय नहीं है, जिससे वहाँ के बच्चे उच्च विद्यालय में पढ़ने से वंचित रह जाते हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में उच्च विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

निर्माण करना

*353. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत सदर प्रखण्ड के कोरियम उच्च विद्यालय का चहारदीवारी नहीं होने के कारण वहाँ खाली पड़े जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को खेलने-कूदने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय की चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमण करना

*354. श्री छोटेलाल राय--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड दरियापुर के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अकबरपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कन्या, पिरारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, धनौती, मध्य विद्यालय, जितवारपुर एवं मध्य विद्यालय, डीह, पिरारी में छात्रों की संख्या बहुत ज्यादा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या ज्यादा है एवं विद्यालयों में जमीन पर्याप्त है तथा उक्त विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये दूर जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जीर्णोद्धार करना

*355. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्डातर्गत मध्य विद्यालय, अमवा, विजयीपुर का भवन विगत 7-8 वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि देना

*356. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत सभी अनुसूचित जाति के उच्च विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रों को छात्रवृत्ति राशि देने का सरकारी प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छात्राओं को वर्ष 2013-14 में छात्रवृत्ति नहीं दिया गया;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी जिला के छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

योजना बनाना

*357. श्रीमती सुजाता देवी--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखण्ड के दोनों तटबंधों के भीतर ग्राम पंचायत बौराहा, नौआ बाखर, परसामाधो, मौजहा एवं दुबियाही में वर्ष 1956 के पूर्व घना जंगल था जो कोशी नदी में बराज बनने के बाद जंगल का घनत्व घट कर शून्य हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त इलाके में बाँस आम, कटहल, लीची, बेल एवं जामुन की संख्या नगण्य है जिससे लोगों को गृह निर्माण में बाँस लकड़ी के अभाव में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बौराहा, नौआबाखर, परसामाधो, मौजहा एवं दुबियाही में बाँस का जंगल सहित अन्य फलों को वृहद् पैमाने पर लगाने के लिये कार्य योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नियुक्ति करना

*358. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय क्रमशः उच्च विद्यालय, धरहन, महादेवपुर, रामचन्द्रपुर तथा कास्त हाबड़ में प्रधानाध्यापक का पदस्थापन नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन सुचारू ढंग से चलाने हेतु उक्त उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में स्थायी प्रधानाध्यापक की नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जीर्णोद्धार करना

*359. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के हनुमान नगर स्थित अम्बेदकर प्राथमिक विद्यालय मात्र एक कमरा में संचालित हो रहा है तथा पटना के खेताना मार्केट के सामने उर्दू मध्य विद्यालय, हिन्दी मध्य विद्यालय, काजीपुर मध्य विद्यालय, नया गाँव प्राथमिक विद्यालय, मुसल्लहपुर हाट के साथ-साथ यहाँ स्थित बालक तथा बालिका मध्य विद्यालय का भवन जर्जर है जिससे पठन-पाठन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विद्यालय भवन के विस्तार तथा जर्जर विद्यालय भवनों के जीर्णोद्धार का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमित करना

*360. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया था कि प्रखण्ड में एक विद्यालय को मॉडल विद्यालय के रूप में उत्क्रमित किया जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर एवं दिघवारा प्रखण्ड के किसी भी विद्यालय को मॉडल विद्यालय नहीं बनाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोनपुर एवं दिघवारा प्रखण्ड के एक-एक विद्यालय को मॉडल विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*361. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत धरहरा प्रखण्ड के शिवकुंड मध्य विद्यालय कुर्मी टोला उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु सारी अर्हता को पूरा कर रहा है तथा विद्यालय को अपना जमीन भी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय के आस-पास कोई उच्च विद्यालय नहीं है जिससे छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*362. डॉ0 उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखण्ड के सरसौ, सियारामपुर, मुँगिला, खनपुरा, अमरपुरा एवं प्रखण्ड कार्यालय परिसर में आँगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य जनवरी, 2013 ई0 में शुरू करने के बाद कार्य पूरा किये बिना बंद कर दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन अधूरे पड़े आँगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण कराना चहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*363. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के पत्रांक 779, दिनांक 2 मार्च, 2014 द्वारा संस्कृत बाल विकास मंदिर बरदाहा, मधुबनी में व्याप्त अनियमितताओं की जाँच बोर्ड के सदस्य द्वारा की गई थी एवं जाँचकर्त्ता द्वारा अपना जाँच प्रतिवेदन दिनांक 8 मई, 2014 को बोर्ड में समर्पित किया गया है लेकिन जाँच प्रतिवेदन में उल्लेखित बिन्दुओं एवं अनुशंसाओं पर सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में व्याप्त अनियमितता हेतु दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## कार्यालय हटाना

*364. श्री रामदेव महतो-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला मुख्यालय में अवस्थित शिव गंगा उच्च विद्यालय के प्रांगण में स्काउट गाईड एवं चुनाव विभाग का कार्यालय चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इसके कारण छात्राओं का पठन पाठन में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय से इन कार्यालयों को हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## जीर्णोद्धार करना

*365. श्री शिवेश कुमार-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्राथमिक शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखण्ड अन्तर्गत बड़गाँव पंचायत के कुमाँचक गाँव में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय का भवन जर्जर है, जिससे वहाँ पठन-पाठन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के जर्जर भवन का जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

## निर्माण करना

*366. श्रीमती सुजाता देवी-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के पंचायत मेहासीमर के ग्राम सिंगिआवन में मोती लाल संस्कृत-सह-मध्य विद्यालय फूस के भवन में चल रहा है जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में पक्का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## निर्माण करना

*367. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत बघार पंचायत के मेदनीपुर गाँव के वार्ड सं० 6 में स्थापित प्राथमिक कन्या विद्यालय, मेदनीपुर में शौचालय के नहीं रहने के कारण छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ शौचालय निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## निर्माण करना

*368. श्री अरुण शंकर प्रसाद क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखंड अंतर्गत इजोत गाँव स्थित एक विद्यालय के दो कमरों में रा०प्रा०वि० एवं प्रा०वि० अनुसूचित जाति टोल संचालित हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों विद्यालय में नामांकित क्रमशः 158 एवं 26 छात्रों की संख्या है तथा एक ही कमरे में एक से 5 वर्गों के छात्रों को बैठने से परेशानी होती है जिस कारण छात्रों का पठन पाठन बाधित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र हित में उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## निर्माण पूर्ण कराना

*369. डॉ० फैयाज अहमद क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत वर्ष 2009 में मुख्य मंत्री खेल विकास योजना के तहत उच्च विद्यालय, नाहस, खंगरैठा में स्टेडियम निर्माण हेतु विभागीय पत्रांक 80, दिनांक 17 फरवरी, 2009 द्वारा 33,21,700 रु० की स्वीकृति प्रदान की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक स्टेडियम निर्माण में मात्र चहारदीवारी का ही काम पूर्ण हुआ है और शेष कार्य राशि के अभाव में अधूरा पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष स्वीकृति राशि निर्गत कर स्टेडियम का निर्माण पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## उत्क्रमित करना

*370. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखंड के सोंढ़माफ गाँव में मध्य विद्यालय है, जहाँकि 763 बच्चे एवं 7 शिक्षक हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय से प्रतिवर्ष 150 छात्र-छात्राएँ अष्टम वर्ग पास करते हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि यहाँ से उच्च विद्यालय, शिवसोना की दूरी 6 कि०मी०, सिकन्दरा उच्च विद्यालय की दूरी 7 कि०मी० तथा हलसी उच्च विद्यालय की दूरी, 9 कि०मी० है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोंढ़माफ मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## विद्यालय खोलना

*371. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरूआ प्रखंड के दुबा पंचायत के अन्तर्गत ग्राम गोविन्दपुर में प्राथमिक विद्यालय नहीं होने के कारण उक्त गाँव के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा लेने में दूर के गाँवों में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संचालित करना

*372. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंड के अकिलपुर पंचायत जिसका राजस्व एवं विकास मतदाता, पंचायती राज व्यवस्था वगैरह दिघवारा प्रखंड द्वारा संचालित होता है सिर्फ शिक्षा विभाग का कार्य पटना जिला द्वारा संचालित किया जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शिक्षा विभाग के कार्य को भी दिघवारा प्रखंड के उक्त पंचायत में सारण जिला द्वारा संचालित करने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों?

---------

निर्माण करना

*373. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत पानापुर प्रखण्ड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, तुर्की, पानापुर, तरैया प्रखण्ड के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय परौना बालक उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सरेया वसंत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, दरपुरफरिदन और इसुआपुर प्रखंड के खोभारी साह उच्च विद्यालय, इसुआपुर में चहारदीवारी नहीं है, जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थापना करना

*374. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अंतर्गत कुरेठा ग्राम पंचायत के गोविन्दपुर वार्ड सं० 9 में आंगनबाड़ी केन्द्र नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ आंगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बोतल में आपूर्ति

*375. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम—क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा निविदा निकाल कर देशी शराब की आपूर्ति पॉच के जगह बोतल बंदी कर आपूर्ति मार्च, 2014 से ही कराना था;

(2) क्या यह बात सही है कि अबतक देशी शराब आपूर्तिकर्ता के द्वारा बोतल में देशी शराब की आपूर्ति प्रारंभ नहीं की गयी है तथा सरकार को करोड़ों रुपये की हानि हो रही है तथा ठेकेदारों को लाभ पहुँचाया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार देशी शराब की आपूर्ति बोतल में करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रदूषण मुक्त करना

*376. डॉ० अच्युतानन्द–दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 12 जनवरी, 2015 के अंक में छपी खबर ''बिहार के 35 फीसदी उद्योग गंगा में फैला रहे प्रदूषण'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार की रिपोर्ट के अनुसार राज्य में स्थित 73 उद्योगों में से 26 संस्थानों का पानी मानक से दो गुणा जहरीला बनकर गंगा नदी में प्रवाहित होता है जिससे गंगा नदी प्रदूषित हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के 90 फीसदी उद्योगों का गंदा पानी राज्य के विभिन्न नदियों में प्रवाहित होता है जिससे राज्य की नदियाँ प्रदूषित हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य की गंगा सहित विभिन्न नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के लिये कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रारंभ करना

*377. श्री दिनेश कुमार सिंह–हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 9 फरवरी 2015 को प्रकाशित ''सिटी के कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई का इंतजार'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना सिटी में आजादी के 68 वर्षों के बाद गुरु गोविन्द सिंह, ओरिएन्टल कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई शुरू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पटना सिटी कॉलेजों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराकर पीजी की पढ़ाई शुरू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

शुल्क कम करना

*378. श्री कृष्णनंदन पासवान–क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है, कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत सभी वर्गों की भूमि को आवासीय एवं द्वितीय वर्ग में घोषित किया गया है, जिस आधार पर निबंधन शुल्क में काफी बढ़ोतरी कर दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि अंचलाधिकारियों द्वारा बिना स्थल जाँचोपरान्त भूमि का वर्गीकरण किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुनः स्थल जाँच कर बढ़े निबंधन शुल्क को कम कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*379. डॉ० फैयाज अहमद–क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है, कि 5 कि०मी० के दायरे में कोई उच्च विद्यालय नहीं रहने पर मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने के लिये सरकार संकल्पित है;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत मध्य विद्यालय, शिबौल, मध्य विद्यालय, औंसी विचला टोला, मध्य विद्यालय, मलंगीया (रहिका) के लगभग 5 कि०मी० की परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में उक्त विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

गठन करना

*380. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय, रामनगर अवस्थित है जिसमें पिछले पाँच वर्षों से शिक्षा समिति का गठन नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिक्षा समिति का गठन नहीं होने के कारण विद्यालय का कार्य सुचारु रूप से नहीं हो पा रहा है, जिसके संबंध में वार्ड नं० 2 की सदस्या श्रीमती राम काशी देवी द्वारा दिनांक 3 जनवरी, 2015 को विभागीय मंत्री को आवेदन-पत्र समर्पित किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त विद्यालय में शिक्षा समिति का गठन नहीं करने का क्या कारण है तथा सरकार कबतक इसका गठन करने का विचार रखती है ?

---------

कार्रवाई करना

*381. श्रीमती पुनम देवी यादव–स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 जनवरी, 2015 के अंक में छपी खबर "58 प्रधानाध्यापक होंगे सस्पेंड" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत भवन निर्माण के मद में प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय में राशि निकासी के बावजूद 58 प्रधानाध्यापक ने भवन निर्माण नहीं कराया जिसके विरुद्ध मात्र 4 प्रधानाध्यापक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि 58 प्रधानाध्यापक सहित अभियंत्रण इकाई से संलिप्तता में सरकारी राशि की निकासी की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2004-05 से 2013-14 तक खगड़िया जिला के प्राथमिक तथा मध्य विद्यालय के भवन निर्माण के मद में खर्च एवं निकासी की भौतिक स्थल निरीक्षण कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*382. श्री सुरेन्द्र मेहता–क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बेगूसराय प्रखंड अन्तर्गत हैबतपुर पंचायत में कन्या उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण आस-पास के कई पंचायत की लड़कियाँ उच्च शिक्षा से वंचित हो जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार राजकीय मध्य विद्यालय, कोरिया को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापित करना

*383. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह–क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया प्रखंड में उच्च विद्यालय, हुसेनी, सरोतर केसरिया, चैरिया कल्याणपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय, बाकापुर, पीपराखेम, दिलावरपुर, तेनुआ, शिशवा, पटना, संग्रामपुर प्रखंड के भवानीपुर, मंगलापुर, संग्रामपुर में 2 वर्ष पूर्व से ही +2 के पढ़ाई की स्वीकृति प्राप्त है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त +2 विद्यालयों के लिये यूनिट के मुताबिक विज्ञान एवं कला के शिक्षकों को पदस्थापित कर पढ़ाई सुचारु कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*384. श्रीमती पूनम देवी यादव–स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 जनवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''टोला सेवक व तालिमी मरकज को पाँच माह से मानदेय नहीं'' की ओर ध्यान देते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया तथा गोगरी प्रखंड अंतर्गत मुख्य मंत्री अल्पसंख्यक व महादलित अक्षर आंचल योजना के तहत नियुक्त तालिमी मरकज व टोला सेवक को पाँच माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है जिससे सेवकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उनका बकाया मानदेय भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मरम्मत करना

*385. श्रीमती उषा सिन्हा–क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के थरथरी प्रखंड अंतर्गत ग्राम-वस्ता में प्राथमिक विद्यालय की स्थिति अत्यधिक जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन की स्थिति जर्जर होने के कारण बच्चों को देवी स्थान के निकट चबूतरे पर शिक्षण कार्य करना पड़ता है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रभारी प्रधानाध्यापिका गिरजा कुमारी द्वारा इसकी सूचना प्रखंड एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को जुलाई, 2014 में दी जा चुकी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*386. डॉ० अब्दुल गफूर–क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत महिषी प्रखंड में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पद पिछले एक वर्षों से रिक्त है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के अभाव में शिक्षण कार्य सुचारु रूप से संचालित नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पदस्थापन करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

मरम्मती करना

*387. श्रीमती नीता चौधरी–क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत दीदारगंज के ग्राम-कुमसार में कृत्यानन्द उच्च विद्यालय है, जिसमें छात्र-छात्राओं की संख्या लगभग 700 है;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय भवन की स्थिति बहुत ही जर्जर है एवं बेंच, कुर्सी, टेबुल का अभाव है, जिसके कारण छात्रों को खुले आसमान के नीचे पढ़ने के लिये मजबूर हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्कूल भवन की मरम्मती तथा बेंच, कुर्सी, टेबुल इत्यादि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति करना

*388. श्री पवन कुमार जायसवाल-- क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1980-81 से विद्यालयों में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं हुई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में 34000 मध्य विद्यालय तथा 32000 सेकेन्ड्री स्कूलों में आदेशपाल का पद रिक्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार सरकार आदेशपाल विहिन सरकारी विद्यालयों में आदेशपाल के रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्ति करना

*389. श्री सदानन्द सिंह-- क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सन्हौला प्रखंड के ग्राम पंचायत सनोखर के आँगनबाड़ी केन्द्र सं०-51 गुलालीचक भिरौंधा में अनुसूचित जाति को बहुल्यता होने के बावजूद अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को वर्ष 2004 में सेविका के पद पर नियुक्त किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यक्रम पदाधिकारी के पत्रांक 933, दिनांक 15 जून, 2013 के द्वारा जाँच में उक्त अनियमितता पायी गयी है;

(3) क्या यह बात सही है कि वरीय आरक्षी अधीक्षक ने अपने जाँच प्रतिवेदन में पत्रांक 355, दिनांक 20 मई, 2013 में उल्लेख किया है कि स्थायी वासी एवं जाति बाहुल्य में धांधली कर सेविका का चयन किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कल्याण विभाग के पत्रांक 1129, दिनांक 13 जून, 1998 के आलोक में जाँच कर कार्रवाई करते हुये अनुसूचित जाति अभ्यर्थियों को नियुक्त करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*390. श्री छोटे लाल राय-- क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड परसा में निबंधन कार्यालय का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त निबंधन कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---

भुगतान करना

*391. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी-- क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा थाना में अनन्त कुशेश्वर संस्कृत प्राथमिक-सह-मध्य विद्यालय, कौशलीपट्टी अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय 223 श्रेणी के प्रस्वीकृत संस्कृत विद्यालयों के श्रेणी में एक है जिसके विधिवत नियुक्त शिक्षकों का अनुमोदन बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के पत्रांक 6323, दिनांक 6 जनवरी, 1986 तथा ज्ञापांक 7962, दिनांक 30 दिसम्बर, 1989 द्वारा प्राप्त है;

(3) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 1987 के बाद से उक्त विद्यालय के शिक्षकों का वेतन बंद है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने के बाद भी विद्यालय के शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं होने का क्या कारण है एवं सरकार कबतक, वेतन भुगतान करने का विचार रखती है ?

---------

### विश्वविद्यालय बनाना

*392. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखी सराय जिलान्तर्गत ऐतिहासिक विद्यापीठ की जमीन पिछले 6 वर्षों से अतिक्रमण किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यापीठ में बिहार के अलावे अन्य राज्यों में भी छात्रायें अध्ययन करने आती हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यापीठ के भू-भाग को अतिक्रमण मुक्त कराकर महिला विश्वविद्यालय बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### वितरण करना

*393. श्री (मो०) तौसीफ आलम—क्या मंत्री, शिक्षा (उ०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के सभी उत्क्रमित उ० विद्यालयों में अबतक एस०टी/एस०सी समुदाय के छात्र एवं छात्राओं के पोशाक एवं साइकिल राशि का वितरण नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में पोशाक एवं साइकिल राशि का वितरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पटना :
दिनांक -24 मार्च, 2015 ई० ।

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा, पटना ।

बि०स०मु० (एल०ए०) 162 डी०टी०पी०-450